संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

02nd December, 2024

**DO No. 49/News Letter/CH(IC)/2024**

Dear Colleague,

Last week, India commemorated a historic milestone – the 75th anniversary of the adoption of the Constitution of India. On November 26, 1949, the Indian Constituent Assembly formally adopted the Constitution, which came into effect on January 26, 1950, establishing India as a sovereign, democratic republic. November 26 has been formally declared by the Government of India as *Constitution Day (Samvidhan Divas*) to honour the adoption of the Indian Constitution. As officers of indirect taxes, we must always remain mindful of our roles and responsibilities as outlined in the Constitution, ensuring that our work aligns with its principles and values.

As you are aware, CBIC participated enthusiastically in the 43rd India International Trade Fair by having a GST and Customs Pavilion. I am pleased to announce that CBIC has been conferred the Bronze Medal in the "Ministries and Department Pavilion" category for "Public Communication and Outreach" at the Trade Fair. This is not only a recognition of the public's appreciation of the work being done by CBIC but also speaks volumes of the hard work of team DGTS.

The Global Authorized Economic Operator (AEO) Dialogue, held last week in New Delhi, was a huge success with wide participation from our global trade partners and other stakeholders, both international and domestic. The event, titled "*India AEO Dialogue: Enhancing Global Trade Partnerships*," brought together over 300 participants, including policymakers, international organizations, industry leaders, and trade experts from over 20 countries. The dialogue provided an engaging platform to share experiences, discuss challenges, and chart a path for strengthening the AEO framework globally. Key highlights of the Dialogue included the signing of a Joint Action Plan (JAP) with Brazil on the sidelines and the unveiling of the AEO Journal titled "AEO: Pathways to Ease", which documents the journey

of the Indian Customs AEO programme since its inception in 2011, its positive impacts, benefits to different stakeholders and industry experiences about the programme. The World Bank, as the knowledge partner for the event, added immense value through its expertise and insights, further enriching the deliberations.

In a significant enforcement action, the DGGI Rajkot Regional Unit, unearthed a major GST evasion case amounting to Rs. 131.23 Crore involving clandestine supply, under-invoicing, and issuance of fake invoices in the supply of petroleum oil and its derivatives. Through meticulous analysis of E-Way bills, BIFA reports, and GST returns, and leveraging human intelligence and IP location analysis, the officers identified a secret office. Searches led to the seizure of incriminating documents and electronic devices indicating stock discrepancies. The mastermind behind the operation has been arrested and the evasion amount is expected to rise as investigations continue. Bravo!

On the Customs enforcement side, DRI Kolkata Zonal Unit intercepted a transshipment container at Kolkata Port, uncovering an attempt to bring into the Indian territory smuggled cigarettes concealed in the consignment of "Baby Diapers". Upon examination, the container was found to be concealing 71.4 lakh cigarette sticks of the "Gold Flake Honeydew Smooth" brand, valued at Rs. 12.13 crores, along with a cover cargo of 3,750 baby diapers. The seizure highlights the department's continued vigilance in curbing illicit trade.

Last week, CBIC bade a heartfelt farewell to Sh. Rajiv Talwar, Special Secretary and Member CBIC. His long and illustrious career has been marked by unparalleled commitment and exemplary leadership, which has undoubtedly left a lasting impact on the indirect tax administration. Sh. Ashish Varma, Principal Chief Commissioner, also superannuated last month. Dear colleagues, as you embark on new chapters in life, we extend our deepest gratitude and wish you health, happiness, and success in all your future endeavours.

*Until next week!*

Yours sincerely,

**(Sanjay Kumar Agarwal)**

All Officers and Staff of the Central Board of Indirect Taxes & Customs.

संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

02 दिसंबर, 2024

**DO No. 49/News Letter/CH(IC)/2024**

प्रिय सहकर्मी ,

पिछले सप्ताह, भारत ने अपने संविधान को अपनाने के ऐतिहासिक अवसर की 75वीं वर्षगांठ मनाई। 26 नवंबर, 1949 को भारतीय संविधान सभा ने औपचारिक रूप से संविधान को अपनाया, जो 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ और भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया गया। संविधान को अंगीकार करने के उपलक्ष्य में भारत सरकार ने 26 नवंबर को विधिवत रूप से *संविधान दिवस* घोषित किया है। अप्रत्यक्ष कर अधिकारियों के रूप में, हमें अपने कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति सदैव सचेत रहना चाहिए, ताकि हमारा कार्य संविधान के सिद्धांतों और मूल्यों के अनुरूप हो।

जैसा कि आप जानते हैं, CBIC ने 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्साहपूर्वक भाग लिया और GST एवं कस्टम्स पवेलियन का आयोजन किया। मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि CBIC को "Public Communication and Outreach" श्रेणी में "Ministries and Department Pavilion" के तहत कांस्य पदक से सम्मानित किया गया है। यह न केवल जनता द्वारा CBIC के कार्यों की सराहना का प्रमाण है, बल्कि DGTS टीम की कड़ी मेहनत का भी प्रतीक है।

पिछले सप्ताह नई दिल्ली में आयोजित ग्लोबल ऑथराइज़्ड इकनोमिक ऑपरेटर (AEO) डायलॉग हमारे वैश्विक व्यापार भागीदारों और अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों हितधारकों की व्यापक भागीदारी के साथ एक बड़ी सफलता रही। "India AEO Dialogue: Enhancing Global Trade Partnerships" शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम में 20 से अधिक देशों के नीति-निर्माता, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि, उद्योग जगत के अग्रणी और व्यापार विशेषज्ञ सहित 300 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। इस डायलॉग ने अनुभवों को साझा करने, चुनौतियों पर चर्चा करने और वैश्विक स्तर पर AEO ढांचे को सुदृढ़ करने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। डायलॉग के प्रमुख आकर्षणों में ब्राज़ील के साथ एक साइडलाइन्स में जॉइंट एक्शन प्लान (JAP) पर हस्ताक्षर और "AEO: Pathways to Ease" नामक जर्नल का अनावरण शामिल है, जिसमें भारतीय कस्टम्स के AEO कार्यक्रम की 2011 से अब तक की यात्रा, इसके

सकारात्मक प्रभाव, विभिन्न हितधारकों को हुए लाभ और उद्योग जगत के अनुभवों का दस्तावेजीकरण किया गया है। वर्ल्ड बैंक ने नॉलेज पार्टनर के रूप में अपनी विशेषज्ञता और अंतर्दृष्टि के माध्यम से इस आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

एक महत्वपूर्ण प्रवर्तन कार्रवाई के तहत, DGGI राजकोट रीजनल यूनिट ने एक बड़े GST चोरी के मामले का खुलासा किया है, जिसकी कुल राशि ₹131.23 करोड़ है। यह चोरी पेट्रोलियम तेल और इसके उत्पादों की आपूर्ति में अवैध गतिविधियों, अंडर-इनवॉइसिंग और फर्जी इनवॉइस जारी करने से संबंधित थी। E-Way Bill, BIFA रिपोर्ट और GST रिटर्न का विश्लेषण करने, खुफिया जानकारी और IP लोकेशन के उपयोग से अधिकारियों ने एक गुप्त कार्यालय का पता लगाया। सर्च के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज़ और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए, जो स्टॉक में विसंगतियों का संकेत दे रहे थे। ऑपरेशन के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच में इस राशि के बढ़ने की संभावना है। बेहतरीन!

कस्टम्स प्रवर्तन के तहत, DRI कोलकाता ज़ोनल यूनिट ने कोलकाता बंदरगाह पर एक ट्रांसशिपमेंट कंटेनर को रोकते हुए "Baby Diapers" की आड़ में छुपाकर लाई जा रही अवैध सिगरेट की खेप का भंडाफोड़ किया। निरीक्षण के दौरान, कंटेनर से 71.4 लाख सिगरेट स्टिक बरामद की गईं, जिनकी कीमत ₹12.13 करोड़ आंकी गई, जो की 3,750 बेबी डाइपर की आड़ में लाए जा रहे थे। यह जब्ती अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने में विभाग की निरंतर सतर्कता को दर्शाती है।

पिछले सप्ताह CBIC ने श्री राजीव तलवार, विशेष सचिव और सदस्य CBIC को भावभीनी विदाई दी। उनकी लंबी और गौरवशाली सेवा, अद्वितीय प्रतिबद्धता और अनुकरणीय नेतृत्व का प्रतीक रही है, जिसने अप्रत्यक्ष कर प्रशासन पर अमिट छाप छोड़ी है। इसके साथ ही, प्रमुख मुख्य आयुक्त श्री अशिष वर्मा भी पिछले महीने सेवानिवृत्त हुए। प्रिय सहकर्मियों, जीवन के नए अध्याय की शुरुआत के लिए हम अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आपके भविष्य के सभी प्रयासों में आपके स्वास्थ्य, खुशी और सफलता की कामना करते हैं।

*अगले सप्ताह तक !*

भवदीय,

संजय कुमार

**(संजय कुमार अग्रवाल)**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के सभी अधिकारी और कर्मचारीगण।